हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

सोमवार, 16 नवम्बर, 2026/25, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

पंजीकृत बेरोज़गार

1351 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंजीकृत तथा अपंजीकृत बेरोज़गार युवाओं की संख्या कितनी है तथा गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2025 तक प्रदेश में सरकारी व निजी क्षेत्र में कितने नए रोज़गार सृजित हुए; ब्यौरा दें?

लंबित देनदारियां

1522 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों तथा कॉर्पोरेशनों के कर्मचारियों के भत्ते, मेडिकल बिल, ग्रेच्युटी एवं अन्य देनदारियां लंबित पड़ी हैं; यदि हां, तो सरकार इन लंबित देनदारियों का भुगतान कब तक करने का विचार रखती है; विभागवार ब्यौरा दें?

वाहन

1733 डॉ0 जनक राज (भरमौर):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग के पूल में कितने वाहन उपलब्ध हैं;

(ख) गत एक वर्ष से दिनांक 01.08.2026 तक इन वाहनों पर पेट्रोल एवं डीजल पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) वाहनवार पेट्रोल/डीजल पर हुए व्यय, वाहन की पंजीकरण संख्या, विभाग/ अधिकारी को आबंटन तथा इस अवधि का किलोमीटरवार ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

11 नवम्बर, 2026. **सचिव**